तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025



11 बाढ़ नियंत्रण : यमुना का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी





12 फ्लाईओवर का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा




# महाविद्यालयों की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी, कम नाम आने से विद्यार्थियों के हाथ लगी मायूसी

## 7 जुलाई को संपन्न हो जाएगी दाखिला प्रक्रिया काउंसिलिंग से भरी जाएंगी सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम के लिये चल रही दाखिला प्रक्रिया के तहत वीरवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई लिस्ट में बहुत कम विद्यार्थियों के नाम शामिल किए गए हैं। जिसकी वजह से अधिकतर विद्यार्थियों के हाथा निराशा ही लगी। शेड्यूल के अनुसार जिन विद्यार्थियों के दूसरी लिस्ट में नाम आए हैं, उन्हें अब 7 जुलाई तक प्रमाण पत्र सत्यापित करवाकर फीस भरकर अपना दाखिला सुनिश्चित करना होगा। हालांकि दाखिला प्रक्रिया में आवेदनों के समय विद्यार्थियों का रुझान कम ही रहा था। यही कारण था कि कई कालेजों में तो निर्धारित सीटों से भी कम आवेदन मिले थे।

जिले में चल रहे 23 राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में 13562 सीटों पर दाखिले के लिए 19 मई से 16 जून तक आनलाइन आवेदन प्रक्रिया चली थी। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से कालेजों में दाखिले के लिए 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई थी, जिसमें स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा करवाने के लिए 30 जून तक का समय दिया गया था, लेकिन निर्धारित समयावधि में करीब 50 से 55 फीसदी विद्यार्थियों ने ही फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करवाया था। अब बृहस्पतिवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई हैं, जिसमें सभी पाठ्यक्रमों में बेहद कम विद्यार्थियों का नाम आया है। ऐसे में कालेजों में सीटें भर पाना बेहद मुश्किल लग रहा है, जिसने कालेज प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



सोनीपत। हिंदू कॉलेज में दाखिलों के लिए पहुंचे विद्यार्थी।

### 50 प्रतिशत से अधिक सीटें खाली

कालेजों में दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया सात जुलाई को संपन्न हो जाएगी, उसके बाद भी जिले के अधिकतर कालेजों में 50 फीसदी से अधिक सीटें रिक्त रहेंगी। ऐसे में कालेजों में सीटें भरने के लिए इस बार भी फिजिकल काउंसिलिंग पर भी निर्भर रहना होगा। कालेजों में नौ जुलाई को रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से 10 जुलाई को आनलाइन आवेदन करने के लिए दोबारा पोर्टल ओपन किया जाएगा। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिला ले सकेंगे। उसके बाद विद्यार्थी 18 से 24 जुलाई तक रोजाना के 100 रुपये विलंब शुल्क के हिसाब से दाखिला ले सकेंगे।

### सात तक फीस जमा करवाएं

उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से बृहस्पतिवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी थी, जिसमें सभी पाठ्यक्रमों में बहुत कम संख्या में विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। जिन विद्यार्थियों के नाम आए हैं, वे 7 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं।

-गौरव गर्ग, पीआरओ, हिंदू कालेज, सोनीपत

## महिला विवि ने आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। पहले अंतिम तिथि 2 जुलाई निर्धारित थी। अब विवि प्रशासन द्वारा छात्राओं की मांग पर केवल स्नातकोत्तर कोर्सों में पंजीकरण की तिथि 9 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

### स्नातकोत्तर कोर्सों में आवेदन की अंतिम तिथि अब 9 जुलाई तक



कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों के परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हो सके हैं। स्नातक परीक्षाओं के परिणाम में देरी के चलते बहुत सी छात्राएं स्नातकोत्तर कोर्सों में दाखिले के लिए पंजीकरण नहीं करवा पाई हैं। इसी के चलते महिला विवि ने छात्राओं को एक मौका और दे दिया है। प्रो. सुदेश ने कहा कि छात्राओं ने स्नातक व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभूतपूर्व रुचि दिखाई है। स्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट अपनी निर्धारित तिथि 5 जुलाई को ही लगेगी।

## आईटीआई की पहली मेरिट लिस्ट : एक छोड़कर 50 से 60% पर सभी ट्रेड

- कंप्यूटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के लिये 83.6 प्रतिशत से ऊपर वाले विद्यार्थियों को मिलेगा दाखिला
- जिले की 12 आइटीआई की 4020 सीटों के लिए 8806 युवाओं ने किए आनलाइन आवेदन
- 8 जुलाई तक दस्तावेजों का सत्यापन करवाकर दाखिला निश्चित कर सकेंगे विद्यार्थी
- 9 जुलाई को जारी की जाएगी रिक्त सीटों की सूची

सोनीपत। जिले भर की आईटीआई में वीरवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। पहली मेरिट लिस्ट में सबसे अधिक कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट की कट ऑफ सबसे अधिक रही, जोकि 83.6 प्रतिशत रही। हालांकि अन्य सभी ट्रेड में कट ऑफ 50 से 60 प्रतिशत तक ही सिमटी रही।

बता दें कि जिले की 12 राजकीय आइटीआइ की 4020 सीटों के लिए 8806 युवाओं ने आवेदन किए थे। आवेदन प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद से विद्यार्थी मेरिट लिस्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद विद्यार्थी अपना नाम देखने के लिए उत्सुक नजर आए। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी आठ जुलाई तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाने के साथ फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। आइटीआइ करने वाली महिला अभ्यार्थियों की ट्यूशन फीस माफ की जाती है। इसके अलावा सोनीपत में महिलाओं को अलग आइटीआइ की सुविधा दी गई है। आइटीआइ में पढने वाली महिलाओं को एक हजार रुपये की टूल किट मुफ्त में प्रदान की जाती है।

### किस आईटीआई में कितनी सीटें

| आईटीआई | सीटें | आईटीआई | सीटें |
|---|---|---|---|
| सोनीपत | 1044 | मुंडलाना | 192 |
| सोनीपत महिला | 180 | कथूरा | 108 |
| राजलूगढ़ी | 344 | फरमाणा | 104 |
| गन्नौर | 388 | खरखौदा | 580 |
| खेवड़ा | 20 | पुरखास | 88 |
| गोहाना | 460 | बुटाना | 512 |

### 9 को जारी होगी दूसरी सूची

पहले मेरिट लिस्ट की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद नौ जुलाई को रिक्त स्थानों की सूची जारी की जाएगी। जिसके बाद 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी, जिसमें स्थान बनाने वाले विद्यार्थी 15 जुलाई तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन व फीस जमा करवा सकेंगे। 16 जुलाई को फिर रिक्त स्थानों की लिस्ट जारी की जाएगी, अभ्यार्थियों के लिए ट्रेड बदलने के लिए 19 जुलाई तक पोर्टल खुला रहेगा। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी और अभ्यार्थियों को 27 जुलाई तक दस्तावेज तथा फीस जमा करवाने का मौका दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में महिला की मौत, तीन घायल

खरखौदा। सड़क हादसे में दिल्ली निवासी महिला की मौत हो गई। जबकि उसका बेटा, ननद व भांजी घायल हो गए। वेगनआर कार में सवार होकर परिवार भिवानी जा रहा था। इस बीच तेज रफ्तार टाटा हेरियर कार ने उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। रोहिणी सेक्टर-16, दिल्ली निवासी उज्ज्वल ठाकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो अपनी वेगनआर कार में अपनी मां लक्ष्मी देवी, बुआ प्रियंका और बुआ की बेटी प्रथा के साथ भिवानी जा रहे थे। सिसाना गांव के पास उनकी कार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार टाटा हेरियर गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी कार पलट गई और वे सभी उसमें बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत मदद कर सभी को बाहर निकाला और नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उज्ज्वल की मां लक्ष्मी देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। टक्कर मारने वाले हेरियर गाड़ी के चालक ने अपनी पहचान सिसाना निवासी जोगिंद्र के रूप में दी।

### आहुलाना चीनी मिल में रक्तदान शिविर कल

गोहाना। आहुलाना गांव स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल में 5 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। यह शिविर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होगा। रक्तदान शिविर की मुख्य अतिथि मिल की एमडी अंकिता वर्मा होंगी। विशिष्ट अतिथि सीएओ जितेंद्र शर्मा, कार्यालय अधीक्षक अनिल शर्मा और चीफ इंजीनियर अनिल चौहान होंगे। संयोजन क्रय अधिकारी संदीप नरवाल करेंगे। रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित होगा।

### पांचवी मंजिल से गिरकर महिला की मौत

सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र में घी मिल में पांचवी मंजिल से गिरकर महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। परिजनों के अनुसार महिला बच्चों के साथ छत पर सो रही थी। रात को छत से नीचे गिर गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यूपी निवासी महिला ने बताया कि उसकी बेटी सीमा देवी (38) मेहनत-मजदूरी का काम करती थी। वह घी मिल स्थित कमरे पर रहती थी। देर रात खाना-खाकर छत पर जाकर बच्चों के साथ सो गई। रात को पानी पीने के लिए उठी। नींद में होने के चलते वह छत से नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी।

## पेट्रोल पंप सेल्समैन से नकदी छीनने का आरोपी गिरफ्तार



सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंर पर कार्यरत कर्मचारी से रुपये छीनकर भागने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रणजीत निवासी जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बुलंदशहर उत्तर प्रदेश निवासी अवधेश ने गत 11 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह आशू किसान सेवा केंद्र पर बतौर मैनेजर की नौकरी करता है। करीब सात दिन पहले पंप पर रणजीत कुमार को नौकरी पर सेल्समैन रखा था। उसका सेल्समैन बिना कुछ बताएं दिन भर की सैल के रुपये लेकर फरार हो गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राजपाल ने बताया कि इस संबंध में आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

## पिकअप चालक को वाहन ने कुचला

सोनीपत। राई थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334 बी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पिकअप गाड़ी चालक घायल हो गया। गंभीर हालत के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल सोनीपत में पहुंचाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव राई निवासी राधा ने बताया कि उसका पति (43) गाड़ी चालक था। वह अपनी पिकअप गाड़ी को लेकर झज्जर सामान लेने गया था। उन्हें सूचना मिली कि गांव जगदीशपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची राई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल सोनीपत में भिवजाया। जांच अधिकारी एसआई सितेंद्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक की पत्नी के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चावल फैक्ट्री में आग लगने से नुकसान

■ फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

सोनीपत के कामी रोड स्थित एसएनजे चावल फैक्ट्री में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दीं। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फैक्ट्री के स्टोर में रखे बारदाने में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आई है, जिससे आग तेजी से फैल गई। फैक्ट्री में जबरदस्त नुकसान की आशंका जताई जा रही है, हालांकि फिलहाल इसका आकलन नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात सोनीपत के कामी रोड स्थित चावल की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई जिसकी सूचना आनन फानन में पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग की टीम को सूचना दी। जिसके बाद घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की करीब 8 गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के बाद फैक्ट्री मालिक का कोई भी बयान सामने नहीं आया है लेकिन फिलहाल ,आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। जिस फैक्ट्री में रखें लाखों के चावल के जलने की आशंका जताई जा रही है।

■ गनीमत रही कि फैक्ट्री में मौजूद सभी कर्मचारी समय रहते बाहर निकाल लिए गए

ऐसे चला बचाव अभियान







### पुलिस ने शुरू की जांच

आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और आसपास के क्षेत्र को भी सुरक्षित रखा गया। फिलहाल आग लगने के कारण और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

-धर्मवीर सिंह, प्रभारी सदर थाना सोनीपत


भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली
द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI)
(द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
विशेष शिक्षा
सीधा प्रवेश प्रारम्भ
Last Date 10 July, 2025
सबसे कम फीस पर
योग्यता :
10+2 50 प्रतिशत अंको के साथ (General)
एवम् 45 प्रतिशत अंको के साथ SC/ST/PH
ग्रीन वैली कॉलेज
शिव मन्दिर वाली गली, पटेल नगर, सानीपत
CONTACT : 9813342781

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, ब्रिज या फ्लाईओवर्स का निर्माण हमारे यातायात को सुगम बनाने के लिए किया जाता है। सड़क या रेलवे लाइन को पार करने के लिए भी फुटओवर ब्रिज बनाए जाते हैं। सिर्फ इंसान के लिए ही नहीं, कई देशों में इस तरह के ब्रिज वन्य जीवों के लिए भी बनाए गए हैं ताकि वे वाहनों से टकरा कर चोटिल ना हों, सुरक्षित रहें। जानो, इन अनूठे ब्रिजेस के बारे में।



# वन्य जीवों के लिए अनूठे ग्रीन ब्रिज

### क्रैब ब्रिज, क्रिसमस आइलैंड नेशनल पार्क ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्ट्रेलिया के** क्रिसमस आइलैंड में हर साल बहुत बड़ी संख्या में रेड क्रैब समुद्र की तरफ माइग्रेशन के लिए निकल पड़ते हैं। रास्ते में कई बार वाहनों द्वारा कुचल कर सैकड़ों क्रैब्स यानी केकड़े अपनी जान गंवा देते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखकर वहां एक 16 फीट ऊंचा पुल बना दिया गया। अब व्यस्त सड़क के ऊपर से बिना किसी जोखिम के आसानी से ये क्रैब्स निकल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां 31 स्पेशल क्रैब अंडरपास और 65 मील लंबाई के प्लास्टिक बैरियर भी लगा दिए गए हैं। ताकि केकड़े इधर-उधर ना भटक कर पैसेज की तरफ से ही आगे बढ़ें और सुरक्षित रहें। *

### नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू नीदरलैंड



**नीदरलैंड का** नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू दुनिया में सबसे लंबी वन्य जीव क्रॉसिंग है। बालू से बना हुआ यह कुदरती पुल, 2625 फीट लंबा और 164 फुट चौड़ा है। यह ब्रिज कई सड़कों, रेलवे लाइनों और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऊपर से गुजरता है। रोजाना इस ब्रिज का उपयोग हिरण, जंगली सुअरों सहित कई अन्य जीव-जंतु करते हैं। इस ब्रिज की सहायता से ये जंगलों तक बड़े आराम से पहुंच जाते हैं। नीदरलैंड में 600 से ज्यादा ऐसे ईकोडक्ट बनाए गए हैं। *

### वाइल्डलाइफ ओवरपास बैनफ नेशनल पार्क कनाडा

**कनाडा के** अल्बर्टा में स्थित बैनफ नेशनल पार्क में हिरणों की कई प्रजातियां, बारासिंघा, भूरे भालू और अन्य कई छोटे-बड़े वन्य जंतु पाए जाते हैं। जब ये वन्य जंतु वहां के हाईवे को पार करके दूसरी तरफ जाते हैं, तब तेज गति से गुजरते वाहनों से इनके टकरा कर घायल होने का खतरा रहता है। इस खतरे को ध्यान में रखकर वहां के जागरूक नागरिकों और वन्यजीव अधिकारियों ने 1996 में ट्रांस कनाडा हाईवे पर 6 वन्य जीव फ्लाईओवर ब्रिज और 38 अंडर पासेस का निर्माण करवाया। इन पुलों के निर्माण के बाद सड़क दुर्घटना में मरने वाले जानवरों की संख्या में काफी कमी आई है। *



### नट्टी नैरो ब्रिज, लॉन्ग व्यू अमेरिका




**अमेरिका के** वाशिंगटन के लॉन्ग व्यू में ओलंपिया वे पर बना यह एक पतला-सा एनिमल क्रॉसिंग ब्रिज है, जो मुख्य रूप से गिलहरियों के लिए बनाया गया है। इसकी चौड़ाई इतनी ही है कि गिलहरी जैसे छोटे जंतु इस पर मजे से चल सकें। अकसर गिलहरियां रोड क्रॉस करते हुए गाड़ियों के नीचे दब जाती थीं। 1963 में एक स्थानीय बिल्डर एमोस पीटर्स ने गिलहरियों को ट्रैफिक भरी सड़क से दूर रखने के उद्देश्य से इस नट्टी नैरो ब्रिज को बनवाया था। इसके बाद वाशिंगटन में जगह-जगह इस तरह के कई पुल बनाए गए। *




### ए 556 ग्रीन ब्रिज यूके

**यूनाइटेड किंगडम** (यूके) में वन्य जीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए पुलों को ग्रीन ब्रिज कहते हैं। इंग्लैंड के चेशायर में कई छोटे-बड़े जंतु रहते हैं। यहां 2018 में नूट्सफोर्ड से बाऊडॉन बाईपास तक एक ग्रीन ब्रिज बनाया गया। इस ग्रीन ब्रिज का उपयोग वन्य जीवों के साथ यहां निवास करने वाले किसान और मजदूर भी करते हैं। *

### ईकोलिंक सिंगापुर

**सिंगापुर में** बड़ी संख्या में वन्य जीव पाए जाते हैं। यहां सिटी सेंटर के बाहर स्थित रेनफॉरेस्ट नेचर रिजर्व, सड़क निर्माण के कारण दो हिस्सों में बंट गया था। इससे वन्य जीवों को विचरण करने में बहुत परेशानी होती थी। 2013 में इन्हें ईकोलिंक ओवरपास के माध्यम से जोड़ दिया गया। यह ईकोलिंक 8 लेन का है। दक्षिण पूर्वी एशिया में अपनी तरह का यह पहला ओवर पास है। *



ऐतिहासिक धरोहर / रजनी अरोड़ा

# दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार



बच्चो, अगर तुमसे पूछा जाए कि दुनिया की सबसे लंबी दीवार कौन-सी है, कहां है? तो झट से तुम्हारा जवाब होगा-द ग्रेट वाल ऑफ चाइना। लेकिन क्या तुम्हें पता है चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार कहां स्थित है, कौन-सी है? यह दीवार अपने देश भारत में है। राजस्थान राज्य में स्थित कुंभलगढ़ किले की दीवारों को दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार का दर्जा प्राप्त है।

**यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में है शामिल:** राजस्थान के कुंभलगढ़ किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी है। इस दीवार को यूनेस्को ने दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार घोषित किया है। इसके अलावा यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में भी इस दीवार को शामिल किया गया है।

**ऐतिहासिक महत्व:** कुंभलगढ़ किले का निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। तुमने इतिहास की किताबों में शूरवीर नायक महाराणा प्रताप के बारे में पढ़ा होगा। महाराणा उदय सिंह के पुत्र महाराणा प्रताप का जन्म इसी कुंभलगढ़ के किले में हुआ था। यह किला कुंभलगढ़ की संकटकालीन राजधानी रहा है। मेवाड़ पर जब भी कोई बाहरी आक्रमण होता था, मेवाड़ का राज परिवार इसी किले में सुरक्षित रहता था। पन्ना धाय ने इसी किले में छिप कर महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह का पालन-पोषण किया था। हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप भी काफी समय तक इसी किले में रहे थे।

**किले की विशेषताएं:** उत्तर-पश्चिमी भारत की अरावली माउंटेन रेंज पर बना कुंभलगढ़ किला समुद्र तल से करीब 1,100 मीटर (3,600 फुट) ऊंचाई पर बना है। इसमें करीब 350 से ज्यादा प्राचीन जैन और हिंदू मंदिर हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ही नहीं, अपने वास्तुशिल्प के लिहाज से भी यह किला बेजोड़ है। कई पहाड़ियों और घाटियों को मिलाकर बना यह किला बहुत ही अनोखा और मजबूत है। इस किले के ऊंचे स्थानों पर महल, मंदिर और घर बनाए गए हैं। समतल भूमि का उपयोग खेती के लिए और ढलान वाली जगहों पर जलाशय बनाए गए हैं। खुद महाराणा कुंभा ने इस किले का डिजाइन तैयार किया था। माना जाता है कि महाराणा कुंभा मजदूरों को प्रतिदिन करीब 50 किलो घी और 100 किलो रुई देते थे ताकि रोशनी जलाकर किले का काम रात को भी किया जा सके। इस किले के निर्माण में लगभग 15 वर्ष का समय लगा।



कुंभलगढ़ किले की दीवार अरावली की 13 पहाड़ियों तक फैली है, जो 36 किलोमीटर लंबी और 15 फुट चौड़ी है। इसमें 7 विशाल दरवाजे और वॉच-टॉवर हैं। यह दीवार इतनी चौड़ी है कि इस पर एक साथ दस घोड़े आसानी से दौड़ सकते हैं, मजबूत इतनी है कि कई आक्रमणकारी इसे तोड़ कर लांघ नहीं पाए। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# रोमांचक बाल-उपन्यास

पंजाबी भाषा में लिखे और पुरस्कृत 'पताल दे गिठमुठिए' उपन्यास का हिंदी अनुवाद 'पाताल के बौने' हाल में छपकर आया है। इसकी कहानी 'रसूलपुर' गांव से शुरू होती है। जहां पानी की कमी है और गांव वाले पानी की कमी दूर करने के लिए कुआं खोदते हैं। बच्चों के लिए भी यह काम कौतूहल जगाने वाला है। तभी गांव का एक आदमी गांव वालों को जमीन के नीचे रहने वाले बौनों को देखे जाने का एक मनगढ़ंत किस्सा सुनाता है। इसे सुनकर गांव का एक बच्चा निक्कू एक शाम उस नए बनते कुएं में लगी हुई सीढ़ी से बौनों को देखने नीचे उतर जाता है। तभी अचानक उसकी भेंट सचमुच एक छोटे से जीव से हो जाती है। अब निक्कू हैरान भी है और भौंचक भी कि वह अब क्या करे? लेकिन वह हिम्मत से उस नए जीव के साथ आगे बढ़ता जाता है। जमीन के नीचे एक अलग दुनिया दिखती है। अब निक्कू वहां किन मुसीबतों में पड़ता है? और उनसे फिर कैसे किसी जांबाज की तरह बच निकलता है? यह पूरी कहानी तुम इस बौनों के रोमांचकारी दुनिया में ले जाने वाली किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब:** पाताल के बौने (पंजाबी बाल-उपन्यास), **लेखक:** जसबीर भुल्लर, **अनुवाद:** जसबीर कौर, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक** : साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिया:** आंखों के भाई को क्या कहते हैं?
**सिया:** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**रिया:** आई'ब्रो'। -कोमल, हिसार

**मोनू (समोसे वाले से):** भैयाजी, 10 समोसे देना।
**समोसे वाला:** पैक करके देना है?
**मोनू:** नहीं, मैं पेन ड्राइव लाया हूं। उसमें समोसे नाम का फोल्डर बनाओ और डाल दो। -अनिकेत, सरगुजा

## जीके क्विज-160

1. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?
2. वूमेंस वन-डे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप 2025 किन दो देशों में आयोजित किया जाएगा?
3. दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?
4. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की थी?
5. इडुक्की वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
6. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
7. भारत के किस प्रदेश को पहले 'नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी' के नाम से जाना जाता था?
8. भारत रत्न से सम्मानित बिस्मिल्लाह खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से था?
9. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' के नाम से भी जाना जाता है?
10. आंवला में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-160 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-159 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2.साइप्रस, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.मध्य प्रदेश, 5.लैक्टोमीटर, 6.साहित्य, 7. 11 जुलाई, 8.महात्मा गांधी, 9.जगन्नाथ मंदिर, 10.हिंद महासागर


**जीके क्विज-159 का सही उत्तर देने वाले :** सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-रायगढ़, राम-सीतापुर, गोविंद-रायपुर, तान्या-भोपाल, कमल-महासमुंद, राम-राजनांदगांव, हर्ष-बालोद



कहानी
क्षमा शर्मा

अजीब बच्चा था अंतरिक्ष, जहां बच्चे विशालकाय डायनासोर, सांप-बिच्छू और छिपकलियों से डरते हैं, वहीं अंतरिक्ष मजे से इनके खिलौनों से खेलता था। लेकिन नन्हा अंतरिक्ष जब स्कूल जाने लगा तो उसके दादा जी ने खतरनाक जंतुओं वाले खिलौने से दूर रहने को कहा। ऐसा उन्होंने क्यों कहा...?

# अंतरिक्ष का स्कूल



अंतरिक्ष ने स्कूल जाना शुरू किया था। जब भी उसकी मम्मी उठातीं, वह खूब-रोता, 'नहीं जाना स्कूल, नहीं जाना है..', कहकर बिस्तर में लेटे रहने की कोशिश करता। मम्मी उसे गोद में उठाकर लातीं, मुंह धुलवातीं, ब्रश करातीं, नहलातीं। स्कूल ड्रेस पहनातीं। थोड़ी ही देर में वह उसका नाश्ता टेबल पर लगा देतीं। कहतीं, 'मेरा राजा बेटा तो बहुत अच्छा है। वह तो बिल्कुल भी जिद नहीं करता।' तभी उसकी देखभाल करने वाली डेल्सी आंटी उसके लिए गरम दूध ले आतीं। अंतरिक्ष दूध पीने में भी बहुत मान-मनौव्वल कराता। जब डेल्सी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं, तो वह जिद करता, 'नहीं मम्मी से..।' और जब मम्मी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं तो वह डेल्सी को बुलाता। कभी-कभी मम्मी नाराज होतीं, कहतीं, 'अंतरिक्ष, क्यों सबेरे-सबेरे परेशान करके टाइम खराब करते हो।' लेकिन अंतरिक्ष वही करता, जो उसके मन में होता। दूध भी ऐसे पीता कि मुंह पर दोनों तरफ दूध की सफेद मूंछें बन जातीं। यह देख पापा कहते, 'अरे, हमारा बेटू तो दादा जी जैसा बन गया।'

अंतरिक्ष की दादा जी जैसी सफेद मूंछें! वह दौड़ कर शीशे में जाकर देखता और हंसता। इस तरह उसका रोना रुक जाता। मम्मी उसके बस्ते में लंच बॉक्स और जरूरी चीजें रखतीं। पापा उसके जूते पॉलिश करते, मम्मी उसे पहनातीं। फिर पापा बाहर जाकर गाड़ी निकालते और हॉर्न बजाते। इसका मतलब होता- अंतरिक्ष, जल्दी से बाहर आ जाओ। टाइम हो गया। वह दौड़ने को होता कि मम्मी बाहर तक उसे नाश्ता खिलाती जातीं। उन्हें पता था कि वह नाश्ता करने में भी, दूध पीने की तरह कितने नखरे दिखाता है, मौका मिलते ही छोड़कर भाग जाता है।

अंतरिक्ष को डायनासोर, सांप, बिच्छू और छिपकलियां बहुत पसंद थीं। उसके बर्थ-डे पर उसके दोस्तों ने चिड़िया से लेकर रियल डॉगी के साइज के बराबर तक के डायनासोर वाले खिलौने दिए थे। हालत यह थी कि अंतरिक्ष की मम्मी छिपकली को देखकर डर से कांपने लगती थीं, और अंतरिक्ष था कि इन खिलौनों को अपने साथ लेकर सोता। स्कूल भी अपने इन्हीं खिलौनों में से किसी एक को साथ ले जाता। पूरे स्कूल में वह डायनासोर वाले अंतरिक्ष के नाम से मशहूर था। उसकी टीचर्स और प्रिंसिपल भी इस बारे में जानती थीं।

आज सवेरे जब अंतरिक्ष पापा के साथ स्कूल पहुंचा, तो उसकी सभी टीचर्स बाहर ही खड़ी थीं। हर रोज ऐसा ही होता था। टीचर्स सवेरे बाहर आकर बच्चों का स्वागत करतीं, हाल-चाल पूछतीं। उनसे हंसी-मजाक करतीं। अंतरिक्ष पापा के साथ आगे बढ़ा था कि प्रिंसिपल मैम ने उसे पुकारा, 'अंतरिक्ष, जरा रुको।' अंतरिक्ष और पापा रुक गए। प्रिंसिपल मैम उसके पास आईं और बोलीं, 'अंतरिक्ष, जरा मेरे साथ तो आओ।' कहती हुई वह अपने कमरे की तरफ बढ़ीं। अंतरिक्ष भी पापा के साथ उनके पीछे आया। वह कुर्सी पर बैठ गईं। फिर अंतरिक्ष को गोद में लेकर अपने मोबाइल पर कुछ पिक्चर्स दिखाने लगीं। पेड़ों की, फूलों की, झरने की, नाव की। साथ में बताती भी जा रही थीं, 'पता है कल मैं अपनी साइकिल से दूर जंगल में सैर करने गई थी। यह देखो सारे पेड़ों, फूलों और तितलियों के पिक्चर्स वहीं के हैं। और तुम्हारा बर्थ-डे गिफ्ट भी है।' कहते हुए मैम ने एक पिक्चर को एनलार्ज कर दिया। हरे रंग का बड़ा-सा पेड़ और उसके नीचे फन उठाए एक काला नाग दिखा। मैम ने बताया, 'कल जब मैं जा रही थी, तो अचानक मुझे यह सांप दिखा। मैंने फौरन तुम्हारे लिए इसका फोटो खींच लिया। पसंद आया बर्थ-डे गिफ्ट।'

यह सुनकर अंतरिक्ष और पापा दोनों मुस्कराए तो मैम आगे बोलीं, 'मैं तुम्हारे बर्थ-डे पर नहीं आ पाई थी न, अब इस फोटो को मैं तुम्हारी मम्मी को व्हाट्सएप मैसेज कर दूंगी।' फिर प्रिंसिपल मैम पापा से बोलीं, 'ऐसा बच्चा मैंने पहली बार देखा है, जो सांप, छिपकलियों और अन्य रेप्टाइल्स को इतना पसंद करता है। वरना तो बच्चे इनसे बहुत डरते हैं।'

पापा ने कहा, 'हां मैम, लेकिन अब हम ऐसे खिलौनों से इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पापा मतलब इसके दादा जी, कहते हैं कि कहीं ऐसा न हो कि कभी रियल सांप या छिपकली को खिलौना समझकर पकड़ने दौड़े। इसलिए इन चीजों से इसका ध्यान हटाना जरूरी है।'

'अरे हां, यह बात तो मैंने सोची ही नहीं। चलिए, मैं भी इस सांप की पिक्चर इसकी मम्मी को व्हाट्सएप नहीं करूंगी। ओके थैंक्स।' मैम तुरंत बोलीं।

अंतरिक्ष, पापा को देखकर मुस्कराया और जोर से बोला, 'थैंक्यू मैम।' फिर वह पापा के साथ अपनी क्लास की ओर बढ़ गया। रास्ते में ढेर सारी तितलियां उसके पास से गुजरीं। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं की। उसे याद आया, दादी मना करती हैं न। कहती हैं, 'मर जाएंगी बेचारी!' *

कविता
शादाब आलम




## बढ़िया आम

पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
हंसते-हंसते कहे चकोरी
ये लो बीस किलो की बोरी
दफ्तर से निबटा कर अपने सारे काम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
मुझको केक नहीं है खाना
चॉकलेट बिल्कुल मत लाना
मत लाना बर्फी, रसगुल्ला, कालाजाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
एक गाय अकसर आती है
आम शौक से वो खाती है
मैंने जोड़ा हिस्से में उसका भी नाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
आमों का मौसम है जब तक
कम खाऊंगी खाना तब तक
पेट भरूंगी आमों से ही सुबहो-शाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!


## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पेपर-क्राफ्ट बना रहे बच्चे के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट तीन मिनट में सारे अंतर खोजकर बताओ।



## रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में एक खरगोश है, जिसे गाजर खाना है। लेकिन उसे गाजर के साथ और भी चीजें रखी दिखाई दे रही हैं। खरगोश को समझ में नहीं आ रहा है वह किस रास्ते से जाए कि उसे गाजर खाने को मिल जाए। खरगोश को गाजर तक पहुंचने में मदद तो करो।



## खबर संक्षेप

### गोष्ठी, भंडारा व रक्तदान शिविर पांच जुलाई को

**गोहाना।** नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित समाजसेवी संस्था आहुति और भागराम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 5 जुलाई को गोहाना में बरोदा रेलवे फाटक के समीप रेलवे माल गोदाम में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर वातानुकूलित बस में आयोजित होगा जिसमें पीजीआई रोहतक की टीम रक्त संकलन के लिए आएगी। रक्तदान शिविर की संयुक्त अध्यक्षता गुलशन बजाज और उषा गगनेजा की होगी। मुख्य अतिथि मानव सेवा संघ के अध्यक्ष पवन जिंदल होंगे। शिविर प्रातः 9 बजे शुरू होगा और दोपहरबाद 2 बजे तक चलेगा।

### नशीली दवाओं के सेवन से जीवन बर्बाद: स्वीटी

**गोहाना।** साइकलिस्ट स्वीटी मलिक ने कहा कि नशीली दवाओं के सेवन से जीवन बर्बाद हो जाता है। युवा शक्ति को इस बारे जागरूक बनाना होगा। युवाओं को जागरूक करना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। स्वीटी भैंसवान खुर्द गांव की बहू हैं। वह कश्मीर से कन्याकुमारी तक एशिया की सबसे लंबी साइकल रेस की सिल्वर मेडलिस्ट हैं। वह 8 साल से ड्रग फ्री हो हमारा भारत अभियान चलाए हुए है और पिछले लगभग 4 साल से ड्रग फ्री हो हमारा भारत हस्ताक्षर अभियान चला रही हैं।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**खरखौदा।** ठाकुर जी की रसोई व युवा शक्ति क्लब के संयुक्त सौजन्य से वीरवार को लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र जांच, न्यूरोथैरेपी, फिजियोथैरेपी, हड्डी रोग, स्त्री रोग व जनरल फिजिशियन सहित विभिन्न चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि नेत्र विभाग में वेणु आई हॉस्पिटल, शेख सराय दिल्ली की विशेषज्ञ टीम द्वारा 142 मरीजों की आँखों की जांच की गई, जिनमें से 6 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा।

### गुरु पूर्णिमा पर्व 10 जुलाई को मनाया जाएगा

**सोनीपत।** गुरु-शिष्य परंपरा की महानता और गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने वाला पर्व गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार को मनाया जाएगा। यह पर्व हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है और इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महर्षि वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया था और अठारह पुराणों की रचना भी की थी। उनके अद्वितीय योगदान के कारण दिन गुरुओं को समर्पित माना जाता है।

### धोखाधड़ी का आरोप, 12 निवेशकों ने दी शिकायत

**सोनीपत।** सोनीपत जिले में 12 निवेशकों ने 56.77 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा व्यापार धोखाधड़ी को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए, शिकायत दर्ज कराई है। आरोपितों में गुरुग्राम निवासी दविंदर वर्मा, रेवाड़ी निवासी राकेश यादव व परवीन यादव तथा सहयोगी शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं में से सोनीपत निवासी एक ओमप्रकाश अरोड़ा का आरोप है कि इन लोगों ने आरकेजी डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, च्यूज योर ऑप्शन प्राइवेट लिमिटेड, गैज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड और सिचरटेक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से विदेशी मुद्रा व्यापार योजनाएं प्रचारित कर लोगों से भारी निवेश करवाया।

### नकुल शर्मा बने विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक

**सोनीपत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सिरसा में आयोजित चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग के दौरान सोनीपत के नकुल शर्मा को जिला संयोजक नियुक्त किया। यह अभ्यास वर्ग 26 जून से 29 जून तक चला, जिसमें प्रदेश भर से आए 200 से अधिक कार्यकर्ताओं को परिषद की कार्यपद्धति, नीति एवं कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया गया। नकुल ने बताया कि वह भविष्य में छात्रहित में सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

---

## उपायुक्त ने ड्रेन नंबर-8 का निरीक्षण कर स्थिति का लिया जायजा

# यमुना के जल स्तर पर पैनी नजर रखें अधिकारीः डीसी

### जल स्तर ज्यादा बढ़ने पर न हो जान-माल का नुकसान

**बढ़ते जलस्तर को लेकर अधिकारी यमुना के साथ लगते गांव के सरपंचों के साथ तालमेल रखें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। बाढ़ नियंत्रण को लेकर जायजा लेने पहुंचें उपायुक्त सुशील सारवान साथ में अन्य अधिकारीगण।

यमुना नदी के अंदर बाढ़ नियंत्रण को लेकर किए गए कार्यों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ यमुना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली डिवीजन में आने वाले भैरा बाकीपुर व दहिसरा घाट को निरीक्षण करते वहां पर सिंचाई विभाग द्वारा बनाई गई ठोकरों की गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि पहाड़ी व हरियाणा के कुछ जिलों में हुई बरसात के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया है इसलिए संबंधित अधिकारी समय-समय पर इन ठोकरों का निरीक्षण करते रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत इनकी मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें ताकि मिट्टी का कटाव न हो सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना के जल स्तर पर पैनी नजर रखे, क्योंकि आने वाले दिनों में होने वाली बारिश के कारण यमुना के जलस्तर के बढ़ने की संभावना है। यमुना क्षेत्र में ड्यूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट पर रहे ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत हालात पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि यमुना बांध के अंदर बसे लोगों को भी जलस्तर के बारे में जानकारी देते रहे और जरूरत पड़ने पर इन लोगों को किसी दूसरी जगह शिफ्ट कर दें ताकि जल स्तर के बढने पर जान-माल का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर अधिकारी यमुना के साथ लगते गांव के सरपंचों के साथ तालमेल रखें और गांव में मुनादी करवाते रहें। इसके पश्चात उपायुक्त ने भैरा बाकीपुर व अकबरपुर बारोटा से गुजरने वाली ड्रेन नंबर-8 का निरीक्षण करते हुए बहते पानी की स्थिति का जायजा लिया।

**ये रहे मौजूद**

एसडीएम सुभाष चंद्र, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, सिंचाई विभाग से दिल्ली डिवीजन के एक्सईएन मंजीत हुड्डा, एक्सईएन मनीष कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग से विनित कादियान सहित सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि जारी, मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



■ विधायक कृष्णा ने कहा कि हलके में नही रहेगी विकास कार्यों की कमी

राई हलके में करोड़ों रुपये की लागत से विकास करवाए जाएंगे, इसके लिए मंजूरी मिल गई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि हलके में एचआरडीएफ स्कीम के तहत सभी कामों की पहली किश्त की पैमेंट स्वीकृत कर दी गई है। विधायक गहलावत ने बताया कि 21 लाख 38500 रुपये व नाहरी पाना सिखान में कम्यूनिटी सैंटर निर्माण के लिए 65 लाख रुपये से बनाया जाएगा, उसकी पहल किश्त के 32 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत, गांव अटरेना में कम्यनिटी सैंटर के लिए 65 लाख में 32 लाख 50 हजार, चौहान जोशी में अम्बेडकर भवन के लिए 11 लाख 89 हजार, बड़ौली गांव में अम्बेडकर भवन के 11 लाख 89 हजार, कुमासपुर गांव में बीसी चौपाल के 7 लाख 83500 रुपये स्वीकृत करवाए गए है। विधायक गहलावत ने बताया कि इन सभी विकास कार्यों का काम जल्दी शुरू करवाया जाएगा। हलके में विकास कार्यों में कोई कसर नही रहने दी जाएगी। हलके के लोगों को बस उन्हें कामों के बारे में अवगत करवाया है। उनके काम करवाना आगे उनकी जिम्मेदारी रहेगी। हलके में विकास कार्यों की कमी नही रहने दी जाएगी। इस मौके पर सरपंच अनिल, पूर्व सरपंच बिट्टु, पंडित प्रेम, अनिल, विनोद आदि मौजूद थे।



सोनीपत। इनेलो जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत एवं अन्य इनेलो नेतागण।

## सरकार का असली चेहरा उजागर : कुणाल

**सोनीपत।** इनेलो के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार जन विरोधी फैसले लेकर प्रदेश के बीपीएल धारकों, मध्यम वर्ग के लोगो को प्रताड़ित कर रही है। जबकि इन्हीं लोगों ने बीजेपी की सरकार हरियाणा प्रदेश में बनवाई थी बावजूद इसके इन वर्गों को राहत देने की बजाय परेशानियां पैदा कर रही है। प्रदेश की जनता पहले से ही चार गुना बढ़कर आए बिजली के बिलों से त्रस्त थी अब बीपीएल कार्ड धारकों (गरीबी रेखा के नीचे) को सरसों का तेल सस्ते दामों में हर महीने 40 रूपए का दो लीटर दिया जाता था वो अब ढाई गुना रेट बढ़ा कर 100 रूपए का दो लीटर कर दिया है। हर महीने तकरीबन 46 लाख परीवारों को पर इसका सीधा असर पड़ेगा। गहलावत ने कहा इनेलो पार्टी के कार्यकर्ता सड़को पर उतरकर बीजेपी का वि मौके पर युवा जिलाध्यक्ष विकास मलिक, किसान पार्कोष्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष भैयराज दहिया, युवा नेता भानुज राठी, सतपाल प्रजापत, नितिन तनेजा आदि मौजूद रहे।

### सरकार पर लगाया आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप

**सोनीपत।** सरकार द्वारा बिजली के बिलों में की बढ़ोतरी और बीपीएल परिवारों को मिलने वाले तेल की कीमत 40 से बढ़ाकर 100 रुपये करने के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में एक प्रतीकात्मक मोमबत्ती प्रदर्शन किया गया। कहा कि यह प्रदर्शन सरकार और प्रशासन को जगाने के लिए किया गया है। संजय ने आरोप लगाया कि पहले ही बिजली के बिल हजारों में आ रहे थे, ऐसे में बढ़ोतरी कर सरकार ने आम आदमी पर और अधिक आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की कमाई बिजली के बिलों में ही खत्म हो रही है, ऊपर से बिजली मीटर भी काफी तेज चलते हैं। यह भी कहा कि बढ़ती महंगाई ने पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ दी है और अब सरकार जनविरोधी फैसले ले रही है। बीपीएल कार्ड धारकों से तेल सब्सिडी छीनने और मूल्य बढ़ाने को भी गरीबों के साथ अन्याय बताया।

---

## नगर निगम सोनीपत का पुतला फूंका

**सोनीपत।** राठधना स्थित निर्माणाधीन शिव रामेश्वर धाम मंदिर को लेकर छिड़े विवाद ने अब जोर पकड़ लिया है। वीरवार को गांव जाट जोशी में इस मुद्दे पर एक विशेष पंचायत बुलाई गई, जिसमें गांववासियों ने एकमत होकर राठधना गांव के समर्थन की घोषणा की। पंचायत में नगर निगम सोनीपत पर जानबूझकर धार्मिक भावनाएं आहत करने और मंदिर गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया। पंचायत की अध्यक्षता डॉ. पवन ने की। उन्होंने कहा कि मंदिर आस्था का केंद्र है और इसे किसी भी सूरत में गिराने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक नगर निगम सोनीपत के कमिश्नर मंदिर गिराने के नोटिस को सार्वजनिक रूप से वापस नहीं लेते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान नगर निगम सोनीपत का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया।



सोनीपत। नगर निगम का पुतला फूंकते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। मौके पर पहुंचकर निर्देश देते मेयर राजीव जैन।

## ककरोई एसटीपी से जुड़ेगा गोहाना रोड का सीवरेज

**सोनीपत।** शहर में वर्षों से चली आ रही सीवरेज जाम की समस्या के समाधान की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। मेयर राजीव जैन के निर्देश पर तिरंगा चौक के बाद अब सेक्टर 23 चौक पर सीवरेज कनेक्शन का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्य के तहत शंभू दयाल डिस्पोजल का पानी अब सीधे ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। मेयर राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कनेक्शन से गोहाना रोड स्थित मयूर विहार, शास्त्री कॉलोनी व इंडियन कॉलोनी के सीवरेज का पानी अब शंभू दयाल डिस्पोजल की बजाय सीधी लाइन से ककरोई एसटीपी तक पहुंचेगा। इससे इन कॉलोनियों में लंबे समय से बनी सीवरेज जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

## मांग और धरने का समर्थन किया

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले कौशल रोजगार निगम कर्मचारी तथा हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के चल रहे धरने तथा रोष प्रदर्शन को आज मिड डे मील वर्करों तथा आंगनवाड़ी वर्करों ने अपना समर्थन दिया। आज सभा की अध्यक्षता मिड डे मील वर्कर हेल्पर कुक यूनियन व मंच की जिला प्रधान मीना सैनी ने तथा हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव समेश कुमार ने की, सभा संचालन ध्रुव कुमार तथा सतीश कुमार ने किया। सभा को संबोधित करते मिड डे मील वर्कर हेल्पर कुक यूनियन की प्रधान मीना सैनी तथा आंगनबाड़ी की वर्करों ने धरनारत कर्मचारियों की मांगों और धरने का समर्थन किया। मुख्य वक्ता के रूप में मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर ने संबोधित करते कहा कि, हरियाणा सरकार कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी कर रही है, कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा की गारंटी देने का आश्वासन देकर अब तक उनकी ज्वाइनिंग नहीं करवा रही है। इस मौके पर महावीर नागर, टीनू मदान, समेश कुमार, ध्रुव कुमार आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते पदाधिकारी, कर्मचारी आदि।



खरखौदा। मिष्ठान निर्माण का निरीक्षण करते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी।

## घेवर के गोदामों का किया निरीक्षण

**खरखौदा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को खरखौदा में घेवर के थोक विक्रेताओं की भट्ठियों और गोदामों का निरीक्षण किया। यह कार्रवाई कार्यकारी एसएमओ डॉ. गौरव अग्रवाल की अगुवाई में की गई। टीम ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और साफ-सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली, लेकिन अधिकांश जगहों पर गंदगी और अव्यवस्था का माहौल नजर आया। इस पर डॉ. अग्रवाल ने विक्रेताओं को फटकार लगाई और कहा कि खाने का सामान बेचने वालों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग उनके बनाए खाने पर भरोसा करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण स्थल पर सफाई रखना अनिवार्य है और सामान की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में कोई लापरवाही पाई गई तो संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

---



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## हड़ताल में शामिल होने का आह्वान

**सोनीपत।** वन कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रेस प्रवक्ता आनंद शर्मा ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकारों की कर्मचारी-मजदूर व जन विरोधी नीतियों के विरुद्ध 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी। जिसमें वन कर्मचारी एवं वन मजदूर भी काम छोड़कर हड़ताल में शामिल होंगे। उस दिन कोई भी पौधारोपण का कार्य नहीं होगा। वे स्थानीय वन राजिक अधिकारी कार्यालय सोनीपत में वन कर्मचारीयों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान भगत सिंह ने की। हड़ताल का आहवान केन्द्रीय ट्रेंड युनियनों, कर्मचारी फेडरेशनों व शिक्षक फेडरेशनों ने किया है। मीटिंग को सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान देशराज नैन, राजसिंह खोखर, नरेंद्र कालीरमन, सुनील दत्त, विजय दहिया, कृष्ण आदि ने सम्बोधित करते हुए 9 जूलाई को हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया।

# गढ़ी केसरी में अवैध कॉलोनी काटने वाले कालोनाइजरों को डीटीपी ने दिए नोटिस

### किसी सुरत में पनपने नहीं दी जाएगी अवैध कॉलोनी : डीटीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

**अवैध कॉलोनी पनपने नही दी जाएगी**

डीटीपी अजमेर ने बताया कि गन्नौर में अवैध कालोनी किसी भी सुरत में पनपने नही दी जाएगी। विभाग द्वारा समय- समय पर अवैध कालोनी की सूचना मिलने पर नोटिस देने के साथ कार्रवाई की जा रही है।

गढ़ी केसरी गांव में काटी जा रही अवैध कालोनी पर नगर योजनाकार विभाग ने कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति के प्लाटिंग करने के मामले में सभी को नोटिस जारी किए है। नोटिस में चेताया है कि अवैध निर्माण व प्लाट बेचने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं कालोनी को विकसित करने का प्रयास करते हुए कालोनाईजरों द्वारा गली बनाने के लिए मिट्टी भी डाल दी गई है। जिस पर नगर योजनाकार विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि वे कालोनाईजरों के बहकावे में आकर कोई भी प्लाट न खरीदे। शहर में इन दिनों अवैध कालोनी काटने वाले कालोनाईजरों के हौसल्ले बुलंद है। वे लोगों को बहकावे में लाकर विभिन्न सुविधाएं दिखाकर लोगों को अपनी कालोनियों में प्लाट देने के प्रयास में लगे है लेकिन नगर योजनाकार विभाग सख्त कार्रवाई में लगा है। बताया जा रहा है कि कालोनाईजरों ने प्लाट काटने के लिए सड़क के साथ लगते व पीछे वाली जमीन में प्लाटों के रेट भी तय कर दिए है और प्लाटों के काफी संख्या में बिकने की बात भी कह रहे है।



खरखौदा। भूमिका को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

## ड्राइंग कैटेगरी में प्रताप स्कूल की भूमिका प्रथम


**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा की प्रतिभाशाली छात्रा भूमिका ने किसमें कितना है दम प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले की ड्राइंग कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया। यह ग्रैंड फिनाले धुरी, संगरूर (पंजाब) में आयोजित किया गया। जिसमें भूमिका को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार और विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन और मेगा ऑडिशन का आयोजन खरखौदा में हुआ था। जबकि क्वार्टर फाइनल और सेमी फाइनल मुकाबले सोनीपत में आयोजित किए गए थे। भूमिका की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रांगण में प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया और डॉ. दीपिका दहिया ने स्वागत किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि भूमिका ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि निरंतर अभ्यास, रचनात्मकता और प्रेरणा से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

---

## अभियान का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूती देना

# पुलिस ने शहर में चलाया पैदल गश्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। पैदल गश्त करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देशन पर गुरुवार को पुलिस द्वारा शहर में पैदल गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने आमजन से सीधा संवाद किया। पुलिस द्वारा पैदल गश्त से लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूती मिलेगी।

सुरक्षा का अहसास केवल पुलिस की मौजूदगी से नहीं अपितु उसकी सतत सक्रियता और जनसंपर्क से उपजता है। इसी सोच को साकार करते हुए पुलिस द्वारा शहरी और कस्बाई इलाकों में नियमित पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है आमजन से सीधा संवाद करते हुए जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूती देना और अपराधियों पर निगरानी बनाए रखना है। इस क्रम में गुरुवार को पुलिस द्वारा गोहाना शहर के मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक और पानीपत चुंगी क्षेत्रों में समता चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश कुमार के नेतृत्व में लगभग 20 पुलिसकर्मियों की टीम ने पैदल गश्त की। पुरानी व प्रभावशाली तकनीक पुलिस प्रवक्ता एएसआई रविंद्र सिंह ने बताया कि यह फुट पेट्रोलिंग एक पुरानी लेकिन प्रभावशाली पुलिसिंग तकनीक है। इससे अपराध रोका जा सकता है और पुलिस का समाज के साथ संवाद सशक्त होता है।

### पैदल गश्त करने के कई लाभ

पैदल गश्त से पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से असामाजिक तत्वों में भय बना रहता है, सामाजिक सुरक्षा का विश्वास बढ़ता है, जन संवाद से विश्वास का निर्माण होता है, यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक स्थानों पर मर्यादा और कानून का पालन सुनिश्चित करने में यह पहल कारगर होती है।

# दस महीने से नहीं मिला वेतन, कैसे चलाएं घर...

**गोहाना।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यरत कर्मचारी पिछले दस महीने से वेतन के लिए तरस रहे हैं। लंबे समय वेतन न मिलने पर कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहें हैं जिससे उनको अपने घर का गुजारा चलाने में परेशानी हो रही है। कर्मचारियों ने सरकार से जल्द वेतन का भुगतान करने की मांग की है ताकि वे आर्थिक तंगी के दलदल से बाहर निकल सकें। स्वच्छ भारत मिशन सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया था। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसके तहत स्वच्छ खुले में शौच मुक्त भारत, गलियों व सडक़ों आदि की साफ-सफाई रखना होता है। इस मिशन से जुड़े कर्मचारी समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को स्वच्छता बारे जागरूक करने का काम करते हैं। लेकिन खेद का विषय है कि मिशन के तहत जुड़े जिला सोनीपत के काफी कर्मचारियों को पिछले दस महीने से वेतन नहीं मिल रहा है।

**राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी (3525)**
ई-मेलः gmsganaurmandi1@gmail.com
यूडाईस कोडः 06080302605

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.मा.वि. गन्नौर मंडी (3525) जिला सोनीपत में (MDM) Mid day Meal में खाना बनाने के लिए एक पद कुक की आवश्यकता है। इसके लिए आवेदक अपने आवेदन को 10.07.25 तक मु. अ. रा. मा. वि. गन्नौर मंडी (3525) के पास कार्यालय में जमा करवाएं। विभाग के सभी नियमों का लान किया जाएगा।

हस्ता/-मु. अ. रा. मा. वि.
गन्नौर मंडी (3525) (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### मुरथल आश्रम में गुरु पूजा महोत्सव 8 से

**सोनीपत।** श्री राम कृष्ण साधना केंद्र (रजि) मुरथल, सोनीपत में तीन दिवसीय गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के राकेश शर्मा व संजय सिंगला ने बताया कि महोत्सव 8, 9 तथा 10 जुलाई (मंगल, बुध तथा वीरवार) को बड़े हर्षोलास से मनाया जाएगा। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। तीनो दिन भंडारे की व्यवस्था रहेगी।

### गर्मी से बेहाल रहे लोग आज बारिश के आसार

**सोनीपत।** बुधवार को सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिनभर सूरज की तपिश और हवा में बनी उमस ने गर्मी का असर और बढ़ा दिया। मौसम में नमी के कारण लोग पसीने से तरबतर नजर आए और गर्मी के चलते सामान्य दिनचर्या भी प्रभावित होती दिखाई दी। बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि यह तापमान सामान्य के आसपास रहा, लेकिन हवा में बनी उमस के कारण गर्मी ज्यादा महसूस हुई। गर्मी और उमस से परेशान लोगों को मौसम विभाग की ताजा भविष्यवाणी ने थोड़ी राहत दी है। विभाग के अनुसार 4 जुलाई से 7 जुलाई के बीच सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। बारिश होने पर तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी भरी हवाएं हरियाणा क्षेत्र में सक्रिय हो रही हैं, जिससे अगले कुछ दिनों में मानसूनी गतिविधियों के तेज होने की उम्मीद है।

### वालीबाल ट्रालय में पक्षपात के आरोप

**सोनीपत।** खरखौदा में खेल महाकुंभ वालीबाल के लिए ट्रायल में पक्षपात के आरोप लगे हैं। रिवाड़ा की टीम में शामिल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है कि अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उनका चयन प्रदेश के लिये नहीं किया गया। टीम में शामिल कुनाल, सागर, टिंकू, धीरज, अरुण फरमाणा, हिमांशु, हर्ष कुमार, रीतिक ने आरोप लगाया कि उनकी टीम का सोनीपत जिले की पूरी टीम के साथ मैच हुआ था। जिसमें रिवाड़ा की टीम विजयी रही, हालांकि जब चयन की बात हुई तो उनकी टीम से केवल 2 खिलाड़ियों का ही चयन किया गया। इस पर आपत्ति जताई गई तो कोच ने कुछ नहीं सुना। खिलाड़ियों ने बताया कि जो टीम जीतती है, उसके 6 खिलाड़ियों का चयन किया जाता है, लेकिन यहां पर केवल 2 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जोकि सरासर पक्षपात है।

# अगवानपुर रेलवे ओवरब्रिज लोगों के लिए मुसीबत का दूसरा नाम बना

## फ्लाईओवर का कार्य 80 प्रतिशत पूरा, ठेकेदार की धीमी गति से अधर में लटका काम

- लंबे समय से बंद पड़े फाटक ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी
- लोगों को बीएसटी ओवरब्रिज से होकर गुजरना पड़ रहा


**गन्नौर।** पिलर निर्माण के बाद अधूरा छोड़ा गया अगवानपुर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पिछले लंबे समय से अधर में लटका अगवानपुर रेलवे ओवरब्रिज अब लोगों के लिए मुसीबत का दूसरा नाम बन गया है। फाटक पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से बंद पड़े इस फाटक ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रेलवे की सीमा में पिलर निर्माण के लिए ठेकेदार ने जमीन की खोदाई कर कार्य शुरू किया था। पिलरों का निर्माण कार्य तो पूरा कर लिया गया, लेकिन इसके बाद से ठेकेदार ने काम को अधर में छोड़ दिया। महीनों से आगे का कार्य नहीं बढ़ाया जा रहा। वहीं रेलवे की सीमा से बाहर हरियाणा स्टेट रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा फ्लाईओवर का कार्य लगभग 80 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है, लेकिन रेलवे विभाग की धीमी रफ्तार के कारण परियोजना अधूरी पड़ी है।

फाटक बंद होने के कारण लोगों को बीएसटी ओवरब्रिज से होकर गुजरना पड़ रहा है। यहां ट्रैफिक का दबाव इतना बढ़ गया है कि दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। खासतौर पर स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र की बड़ी आबादी को खासी दिक्कत हो रही है।

**प्रदर्शन की चेतावनी:** उन्होंने मांग की है कि रेलवे फाटक को जल्द खोला जाए और ओवरब्रिज का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



## सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे कैप्टन दीपक का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय सेना में 25 वर्षों तक निष्ठा, साहस और समर्पण भाव से देश की सेवा करने के बाद कैप्टन दीपक दहिया अपने पैतृक गांव खेड़ी मनाजात लौटे। उनके आगमन पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए और फूल मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।

सेवानिवृत्त दीपक दहिया ने सेना में अपने सेवाकाल के दौरान देश के कई राज्यों और सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात रहकर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने बताया कि सेना में सेवा करना उनके लिए गर्व की बात रही और हर चुनौती को स्वीकार कर उन्होंने मातृभूमि की सेवा को सर्वोपरि रखा। गांव में पहुंचे कैप्टन दहिया का सम्मान केवल एक सैनिक के रूप में नहीं, बल्कि प्रेरणा स्त्रोत के रूप में किया गया। स्वागत समारोह में ग्रामीणों ने कहा कि कैप्टन दहिया की सेवा और त्याग पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए मिसाल हैं। इस अवसर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों से लेकर युवाओं तक ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में अमर सिंह, दलीप दहिया, प्रहलाद सिंह, प्रकाश सिंह, अत्तर सिंह, बिल्लू प्रधान, राजरूप दहिया, रणबीर, प्रदीप दहिया, संदीप दहिया, गौरव दहिया आदि ने कहा कि सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे वीर सैनिकों को समाज में विशेष सम्मान मिलना चाहिए।

## विधायक गहलावत ने हवन में आहुति डालकर की सुख-शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई


**राई।** बृहस्पतिवार को विधायक कृष्णा गहलावत हवन में आहुति डालते हुए साथ में राजकुमार के परिजन व भाजपा नेता शेखर आंतिल। फोटो : हरिभूमि

गांव खेवड़ा में बाबा रामलाल मन्दिर में स्वर्गीय श्री श्री1008 बाबा रतन गिरी महाराज की सातवीं बरसी के उपलक्ष्य में हवन व भडारें का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने शिरकत कर हवन में आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की भगवान से कामना की। सेवक राजकुमार, निवेश, कुलदीप, संदीप आंतिल सहित सभी ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और ऐसे धार्मिक आयोजन पर ग्रामीणों की सराहना की। विधायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन से ग्रामीणों में भाईचारे की भावना बढ़ती है। इस मौके पर राजकुमार, कष्ट निवारण समिति सदस्य शेखर आंतिल, भाजपा युवा नेता जसपाल आंतिल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### हथियार लहराने का मामला हो रहा वायरल

**सोनीपत।** सोनीपत-गोहाना रोड पर जींद डिपो की बस के आगे फॉर्च्यूनर गाड़ी अड़ाकर हथियार लहराकर स्टंटबाजी करने व बस में बैठे यात्रियों की जान जोखिम में डालने के आरोपित का वीडियो वायरल हो गया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था।

अलेवा जींद निवासी सियाराम ने सदर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह हरियाणा रोडवेज में चालक है। वह 30 जून को गोहाना- सोनीपत रोड पर लाठ-जोली के पास पहुंचा। फाच्यूर्यर बस से आगे निकलकर आई। गाड़ी चालक ने बस के आगे गाड़ी को अड़ा दिया।

## लायन क्लब गन्नौर का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से मनाया गया


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


**गन्नौर।** क्लब के नवनियुक्त प्रधान गौरव त्यागी, सचिव लायन विजय कुमार का स्वागत करते हुए।

जी टी रोड स्थित कनक गार्डन में अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठन लायंस क्लब इंटरनेशनल से संबद्ध समारोह में मुख्यातिथि के रूप में जनपद पाल जनपद 321 ए 2 के अध्यक्ष लायन दिनेश बत्रा पी एम सी सी लायन रमन गुप्ता ,विनय गर्ग, वी डी जी उमेश गर्ग, राम निवास गुप्ता,चमन लाल गुप्ता,रीजन चेयरमैन लायन प्रवीन रेलन, जोन चेयरपर्सन हरविंदर त्यागी, नगर पालिका गन्नौर के अध्यक्ष लायन अरुण त्यागी व अधिष्ठापन चेयरमैन लायन दीपक गोयल ने नई टीम को विधिवत रूप से इंस्टाल कराया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष लायन गौरव त्यागी, सचिव लायन विजय कुमार तथा कोषाध्यक्ष लायन नरेंद्र पीतांजलि सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। लायन क्लबों के प्रतिनिधि, लायन संजीव सोबती, आर पी वर्मा, अनिल त्यागी, विपिन त्यागी,एडवोकेट सुशील त्यागी, पार्षद शमशेर सैनी,पूर्व प्रधान लायन हरजिंदर सिंह आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## बीधल में अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



खंड विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा गुरुवार को गांव बीधल में तालाब की भूमि पर किए गए अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। विभाग ने बुलडोजर चलवाकर 11 मकानों को तोड़ दिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को चेतावनी दी कि तालाबों की भूमि पर अवैध कब्जा न करें।

बीधल में कई ग्रामीणों ने तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण कर लिया था। कई साल पहले ग्रामीणों ने अवैध कब्जा करके पक्के मकान बना लिए थे। गांव के युवक द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में तालाबों की भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के संबंध में याचिका दायर की थी। ग्रामीणों द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाए गए। गुरुवार को गोहाना खंड के बीडीपीओ डा. परमजीत सिंह भारी संख्या में पुलिस बलों के साथ गांव बीधल गए। तालाब की भूमि पर 11 लोगों द्वारा बना गए मकानों और अन्य निर्माणों पर बुलडोजर चलाया।

बीडीपीओ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के भी स्पष्ट आदेश हैं कि तालाबों की भूमि को अवैध कब्जा मुक्त बनाया जाए। गांव बीधल में तालाब की भूमि पर जिन लोगों ने अवैध निर्माण कर रखे हैं उनको ग्राम पंचायत और पंचायत विभाग द्वारा नोटिस भी दिए गए थे।

**इमारतें कर दी गई जमींदोज :** पंचायत विभाग द्वारा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ भी लगी रही। देखते ही देखते बुलडोजर ने अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया। इमारतें खंडहर में तब्दील हो गई।

## विद्यार्थियों को पॉलिथीन के दुष्प्रभाव बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- नव ज्योति शिक्षा सदन मेंविश्व पॉलिथीन निवारण दिवस मनाया
- बच्चों ने भाषण प्रस्तुत किया


**गन्नौर।** विश्व पॉलिथीन निवारण दिवस मनाने के बाद प्रतिभागी छात्र शिक्षकों के साथ।

नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर में विश्व पॉलिथीन निवारण दिवस मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पॉलिथीन निवारण के उपाय सुझाए। विद्यार्थियों द्वारा पॉलिथीन को बैन करने तथा उसके हानिकारक प्रभाव को बताते हुए नारे लगाए गए तथा भाषण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा यह संदेश दिया गया कि प्लास्टिक व पॉलिथीन दोनों ही चीज हमारे वातावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है क्योंकि प्लास्टिक व पॉलिथीन दोनों ही केमिकल से बनती है तथा हजारों साल तक यह मिट्टी में ऐसे ही बनी रहती है तथा यह गलती नहीं है, मिट्टी में मिलती नहीं है। और यदि इनको जलते हैं तो यह है वायु प्रदूषण का कारण बनती है।

तनिष्क,दिव्यांशु हर्षित, तनवी, शुभम ,रवि, शिक्षा, विनू, सनवी, महक, बोनिता हार्दिक,हर्षित, शिवम, किट्टू गरिमा ,पूर्वी संयोगिता, लावण्या ,हुमेरा, झलक, हर्षिता, वंशिका ,सक्षम,अवनी, संचित, दिव्यांश, गौरव, सौरव,आर्यन आदि बच्चों ने प्लास्टिक की बोतल को अंदर पॉलिथीन को भरकर उनको रीसाइक्लिंग के लिए भेजने का निश्चय किया तथा यह संदेश दिया कि हम भी अपने घर में पड़ी पॉलिथीन बैग को रीसाइक्लिंग के लिए भेज दें। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने बताया कि पॉलिथीन बैग प्रयोग करने की प्रथा उतनी ही खतरनाक है जितनी की सती प्रथा तथा बाल विवाह आदि थी। इस अवसर पर अध्यापक जसवंत धनखड़, संजीत कौशिक, सुमन कौशिक आदि मौजूद रहे।

## बलराम ने विश्व पुलिस गेम्स में जीते दो पदक

**गन्नौर।** गांव सैया खेड़ा के बलराम ने अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में भारत का नाम रोशन किया है। बलराम ने एथलेटिक्स की 10 किमी क्रास कंट्री दौड़ और इंडिविजुअल इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। बलराम वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर गाजियाबाद में तैनात हैं। बचपन से ही खेलों के प्रति जुनून रखने वाले बलराम ने कठिन मेहनत और अनुशासन के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि हासिल की। ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर करते हुए उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि बलराम ने क्षेत्र और देश का गौरव बढ़ाया है।

बलराम की इस सफलता ने युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का काम किया है। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय माता-पिता, कोच और विभाग के सहयोग को दिया।

- बलराम वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर गाजियाबाद में तैनात हैं
- ग्रामीणों ने परिवार को दी बधाई



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### ओपन डिस्ट्रिक्ट तैराकी में जीते पदक



**सोनीपत।** एक निजी यूनिवर्सिटी में 28 जून से 29 जून तक हुई ओपन जिला तैराकी प्रतियोगिता में ब्राइट स्कॉलर के छात्रों ने अनेक पदक जीते। प्रतियोगिता में अयानवीर खत्री ने 10 स्वर्ण, यशिका सेहरावत ने 5 स्वर्ण, दक्ष राठी ने 8 स्वर्ण, 2 रजत, प्रांजल ने 10 स्वर्ण, इराज सेहरावत ने 5 स्वर्ण, विवान खत्री ने 5 स्वर्ण, त्रिशा ने 4 स्वर्ण, उदयंत ढाका ने 4 स्वर्ण पदक जीते। वहीं अनव मलिक ने 1 स्वर्ण 4 रजत, काव्या शर्मा ने 5 स्वर्ण 3 रजत 1 कांस्य, सोनित सरोहा ने 3 स्वर्ण 2 रजत, युवराज 2 गोल्ड 4 सिल्वर, तेजस दहिया 1 रजत 4कांस्य, श्रेया दहिया ने 2 रजत, 2कांस्य, भूमि दहिया ने 1 स्वर्ण 1 रजत 1 कांस्य, देवांश कलसन ने 3 स्वर्ण 1 रजत 1 कांस्य, अगस्त्य भनवाला ने 2 स्वर्ण 2 रजत 1 कांस्य, दक्ष खत्री ने 2 स्वर्ण 1 रजत, नमन मलिक ने 1 कांस्य पदक जीता। ब्राइट स्कॉलर के तैराकों ने कुल 70 स्वर्ण, 23 रजत, 11 कांस्य जीत कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्राचार्या किरण दलाल ने सभी विजेताओं को प्रार्थना सभा में सभी सम्मानित किया और कहा कि लगातार किए प्रयासों की बदौलत यह सफलता मिलती है। उन्होंने कोच नीरज को भी इस सफलता के लिए बधाई दी।

### केसरी पहलवान नवीन को एक और पदक



**गन्नौर।** हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात और भारत केसरी, हिंद केसरी के खिताब जीत चुके पहलवान नवीन मोर ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स-2025 में नवीन ने दो पदक जीतकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। नवीन मोर ने 2 जुलाई को 130 किलोग्राम ग्रीको-रोमन स्टाइल कुश्ती में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इसके बाद अब फ्री स्टाइल कुश्ती में भी उनका दबदबा देखने को मिला। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने अजरबैजान के पहलवान को 6-4 से मात दी। हालांकि सेमीफाइनल में घुटने में चोट लगने के कारण उन्हें मुकाबला बीच में ही छोड़ना पड़ा। इसके बावजूद नवीन ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में दमदार वापसी की और अमेरिका के पहलवान को 3-1 से हराकर भारत को कांस्य पदक दिलाया। उनकी इस उपलब्धि पर गांव लड़सौली में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव में उनकी गुरू हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी में मिठाई बांटकर और ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। पूर्व कबड्डी कप्तान चांद राम मोर, एकेडमी के अध्यक्ष धर्मवीर मोर, सरपंच प्रतिनिधि प्रियव्रत उर्फ बंबल मोर ने कहा कि नवीन ने अपने संघर्ष और मेहनत से क्षेत्र और देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है। वहीं परिजनों ने कहा कि नवीन की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है।

### नागरिक अस्पताल में रोजाना आते हैं 70 से 80 मरीज

# चार दिन बाद फिर खत्म हुआ एंटी रैबीज इंजेक्शन, मरीज बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन की कमी से मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय से भेजी गई 100 वाइल इंजेक्शन की खेप महज चार दिनों में ही खत्म हो गई, जिससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इंजेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि समय पर इलाज मिल सके और किसी की जान खतरे में न पड़े। नागरिक अस्पताल में रोजाना 70 से 80 मरीज एंटी रैबीज इंजेक्शन के लिए आते हैं, जिनमें से अधिकांश कुत्ते, बिल्ली, बंदर या चूहे के काटने के शिकार होते हैं। इन मरीजों के लिए यह इंजेक्शन जीवन रक्षक होता है, लेकिन इसकी अनुपलब्धता के कारण उन्हें भारी परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रशासन ने दावा किया है कि उन्होंने मुख्यालय को एंटी रैबीज इंजेक्शन की डिमांड भेज दी है और जल्द ही मरीजों को यह इंजेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा।



इंजेक्शन की अनुपलब्धता के कारण मरीजों और उनके परिजनों में भारी आक्रोश है। कई मरीज पिछले कई दिनों से रोजाना अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। इससे मरीजों को न केवल मानसिक परेशानी हो रही है, बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। मरीजों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इंजेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि समय पर इलाज मिल सके और किसी की जान खतरे में न पड़े। तत्काल समाधान की आवश्यकता है। कुछ मरीजों को मजबूरी में नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल या खानपुर कलां के महिला मेडिकल कॉलेज का रुख करना पड़ रहा है, कई मरीज निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर इलाज करवा रहे हैं।

### डिमांड उच्च अधिकारियों को भेजी

रेबीज इंजेक्शन की डिमांड उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। वेयर हाउस में स्टॉक नहीं बताया जा रहा है। कई दिनों से इंजेक्शन की कमी देखी जा रही है। फील्ड से इंजेक्शन मंगवाकर उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन मरीजों की संख्या ज्यादा है। हर रोज करीब 100 के करीब मरीज पहुंच रहे है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**-डा. संदीप लठवाल,** जिला नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल